# मैट्रो रेल का सुहाना सफर

## शिक्षा विभाग, पंजाब कक्षा- आठवीं, पाठ- तीन

- मार्गदर्शक- डा. सुनील बहल, सहायक निदेशक, एस.सी.ई.आर.टी.
- शोधक- राजन, हिंदी अध्यापक,स.मि.स्कूल, लोहारका कलां, अमृतसर



सौजन्य - संयुक्त प्रयास, हिंदी शिक्षक युगल, ज़िला – जालंधर


ललित कुमार
हिंदी अध्यापक
स.सी.से.स्कूल
काला बकरा
जालंधर







पंकज माहर
हिंदी अध्यापिका
स.मा.सी.से.स्कूल
लाडोवाली रोड
जालंधर




**अभ्यास**

1. **नीचे गुरुमुखी और देवनागरी लिपि में दिये गये शब्दों को पढ़ें और हिंदी शब्दों को लिखने का अभ्यास करें:-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ਯੋਗ | = | योग | ਰੇਲਵੇ ਸਟੇਸ਼ਨ | = | रेलवे स्टेशन |
| ਮੈਟਰੋ ਰੇਲ | = | मैट्रो रेल | ਪਲੇਟਫਾਰਮ | = | प्लेटफार्म |
| ਲਿਫਟ | = | लिफ्ट | ਸਵੈ-ਚਾਲਿਤ | = | स्वचालित |

2. **नीचे एक ही अर्थ के लिए पंजाबी और हिंदी भाषा में शब्द दिये गये हैं। इन्हें ध्यान से पढ़ें और हिंदी शब्दों को लिखें :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ਰਾਸ਼ਟਰੀ ਖੇਡਾਂ | = | राष्ट्रीय खेलें | ਕਸੂਰ/ਦੋਸ਼ | = | अपराध |
| ਸਰਕਾਰੀ | = | राजकीय | ਸੁਰੱਖਿਆ ਕਰਮਚਾਰੀ | = | सुरक्षाकर्मी |
| ਸਕੂਲ | = | विद्यालय | ਇੰਤਜ਼ਾਰ | = | प्रतीक्षा |
| ਖਿਡਾਰੀ | = | खिलाड़ी | ਪੌੜੀਆਂ | = | सीढ़ियाँ |
| ਯਾਤਰੀ | = | पर्यटक | ਬੁੱਢੇ | = | वृद्ध |
| ਅਪੰਗ | = | अपाहिज | ਯੰਤਰ | = | उपकरण |

3. **शब्दार्थ**

| | | |
|---|---|---|
| उपहार | = | भेंट |
| लिफ्ट | = | बड़ी इमारतों में ऊपर ले जाने वाला यान स्वरूप यंत्र |
| अपाहिज | = | अपंग |
| विस्फोटक सामग्री | = | विस्फोट करने वाला पदार्थ |
| स्वचालित प्रवेश द्वार | = | अपने आप खुलने वाला दरवाज़ा |
| दंडनीय अपराध | = | दंडित किए जाने योग्य अपराध |
| उद्घोषणा | = | ऊँची आवाज़ में कहना, सरकारी घोषणा |
| वातानुकूलित | = | हवा के तापमान के अनुकूल बनाया गया |
| इलैक्ट्रॉनिक सूचना पट्ट | = | बिजली से चलने वाला पटल जिस पर लगातार सूचनाएँ दी जाती हैं |
| भूमिगत प्लेटफार्म | = | भूमि के अंदर बना प्लेटफार्म |

## 4) इन प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखें :-

क) गुरु जी ने बच्चों को क्या वचन दिया था ?

उत्तर) गुरु जी ने बच्चों को वचन दिया था कि टीम के प्रथम आने पर उन्हें मैट्रो रेल के सुहावने सफ़र का उपहार दिया जाएगा |

ख) कैसे पता चलता है कि ये बच्चे पंजाब से आये हैं ?

उत्तर) बच्चों के नीले रंग के खिलाडियों वाले ट्रैक सूट पर 'पंजाब' शब्द छपा हुआ है जिससे पता चलता है कि ये बच्चे पंजाब से आये हैं |

ग) मैट्रो रेल की पटरी कहाँ-कहाँ बिछाई जाती हैं ?

उत्तर) मैट्रो रेल की पटरी ज़मीन पर, सड़क पर या ज़मीन के नीचे सुरंग खोदकर बिछाई जाती है |

घ) लिफ्ट का प्रयोग किन लोगों के लिए किया जाता है ?

उत्तर) लिफ्ट का प्रयोग वृद्धों, रोगियों तथा अपाहिजों को पहिया--कुर्सी सहित लाने और ले जाने के लिए किया जाता है |

ड.) स्टेशन पहुँचने पर बच्चे क्या देखकर हैरान हुए ?

उत्तर) स्टेशन की साफ़-सफ़ाई, सजावट, चमकता संगमरमर का फ़र्श और अत्याधुनिक बिजली उपकरणों को देखकर बच्चे हैरान रह गए |

च) स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा-जाँच कैसे की जाती है ?

उत्तर) स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा-जाँच एक विशेष यंत्र के ज़रिये की जाती है जो किसी भी विस्फोटक सामग्री के पास आते ही स्वतः ही एक विशेष ध्वनि निकालने लगता है |

छ) स्वचालित प्रवेश द्वार किस प्रकार कार्य करता है ?

उत्तर) स्वचालित प्रवेश द्वार प्रत्येक यात्री के लिए जारी किये गए टोकन अथवा स्मार्ट कार्ड को मशीन के निकट लाने पर खुल जाता है |

ज) स्मार्ट कार्ड का क्या उपयोग है ?

उत्तर) स्मार्ट कार्ड की सुविधा रोज़ाना यात्रा करने वाले यात्रियों को उपलब्ध कराई जाती है |

झ) पर्यटक कार्ड द्वारा कितने दिन तक यात्रा कर सकते हैं ?

उत्तर) पर्यटक कार्ड द्वारा एक से तीन दिन तक असीमित मैट्रो रेल यात्रा की जा सकती है |

ञ) गाड़ी की प्रतीक्षा करते समय कौन से रंग की पट्टी से आगे नहीं जाना चाहिए ?

उत्तर) गाड़ी की प्रतीक्षा करते समय कभी भी प्लेटफार्म पर बनी पीली पट्टी को पार नहीं करना चाहिए |

त) प्लेटफार्म पर हमें क्या-क्या नहीं करना चाहिए ?

उत्तर) प्लेटफार्म पर हमें थूकने ,गंदगी फैलाने और कोई वस्तु खाने-पीने से परहेज़ करना चाहिए |

थ) मैट्रो गाड़ी की खिड़कियाँ क्यों नहीं खुलतीं ?

उत्तर) मैट्रो गाड़ी के पूरी तरह वातानुकूलित होने के कारण इसके शीशे स्थायी तौर पर बंद होते हैं, इसीलिए इसकी खिड़कियाँ नहीं खुलतीं |

द) इलैक्ट्रॉनिक सूचना पट्ट पर क्या सूचनाएँ दी जाती हैं ?

उत्तर) इलैक्ट्रॉनिक सूचना पट्ट पर आने वाले स्टेशन की जानकारी हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में दी जाती है |

---

## 5) इन प्रश्नों के उत्तर चार या पाँच वाक्यों में लिखें :-

क) मैट्रो स्टेशन आम स्टेशन से किस प्रकार भिन्न है ?

उत्तर) मैट्रो स्टेशन आम स्टेशन के मुकाबले चमकते संगमरमर के फ़र्श, अत्याधुनिक बिजली उपकरणों और सामान्य सुविधाओं से सुसज्जित होता है | मैट्रो स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए रेस्तरां, कॉफी की दुकानें, किताबों की दुकानें और नकदी निकालने के लिए ए. टी. एम. जैसी सुविधाएँ उपलब्ध होती हैं | इसके अतिरिक्त मैट्रो स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगा विशेष यंत्र, यात्रियों की सुविधा के लिए लगी लिफ्ट और स्वचालित प्रवेश-द्वार जैसी अनेक सुविधाएँ मैट्रो स्टेशन को आम स्टेशन से भिन्न करती हैं |

ख) टोकन, स्मार्ट कार्ड और पर्यटक कार्ड में क्या अंतर है ?

उत्तर) टोकन का प्रयोग प्रत्येक यात्री के लिए टिकट के रूप में किया जाता है | स्मार्ट कार्ड का प्रयोग रोज़ाना यात्रा करने वाले यात्रियों द्वारा किया जाता है | पर्यटक कार्ड का प्रयोग एक से तीन दिन तक की असीमित मैट्रो-रेल यात्रा के लिए किया जाता है |

ग) मैट्रो गाड़ी के स्वचालित द्वार द्वारा जाने और निकलने में किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

उत्तर) मैट्रो गाड़ी के स्वचालित द्वार द्वारा प्रवेश करते समय टोकन, स्मार्ट-कार्ड या पर्यटक-कार्ड को मशीन के निकट लाने पर प्रवेश द्वार खुल जाता है और यात्री इसमें से निकल जाता है | इसलिए स्वचालित द्वार द्वारा जाने और निकलने के लिए यात्रियों को सतर्क और सावधान रहना चाहिए |

घ) भूमिगत प्लेटफार्म से आप क्या समझते हैं ?

उत्तर) भूमिगत शब्द का अर्थ है :-'भूमि के नीचे गया हुआ' | इस प्रकार भूमिगत प्लेटफार्म का अर्थ है :-'ज़मीन के नीचे सुरंग खोदकर बनाये गए मैट्रो स्टेशन का ऐसा प्लेटफार्म', जिसे भूमि अर्थात धरती के नीचे बनाया गया हो | भूमिगत प्लेटफार्म देखने में किसी सुरंग जैसा दिखाई देता है |

## प्रश्न 6) बहुवचन रूप लिखें :-

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| खेल | खेलों (विभक्ति चिह्न के साथ प्रयोग) |
| वृद्ध | वृद्धजन |
| स्टेशन | स्टेशनों (विभक्ति चिह्न के साथ प्रयोग) |
| पंक्ति | पंक्तियाँ |
| सीढ़ी | सीढ़ियाँ |
| खिड़की | खिड़कियाँ |

## प्रश्न 7) इन वाक्यों में सर्वनाम शब्द पर गोला लगाएं :-

क) हम लाल किला देखने जायेंगे ।

ख) तुम्हें पता चल जायेगा ।

ग) मैं आपको गाड़ी में बिठा कर आता हू ।

घ) उसने कहा, “चलो आपकी गाड़ी का समय होने वाला है ।”

ङ.) उसे कन्हैया नगर स्टेशन से अधिकारियों ने हमारे आने की सूचना पहले ही दे दी थी ।

प्रश्न 8) 'असीमित' शब्द में 'अ' लगाकर विपरीत शब्द बना है । इसी प्रकार अन्य विपरीत शब्द बनायें :-

अ + सुविधा = असुविधा
अ + सहयोग = असहयोग
अ + सुर = असुर
अ + भिन्न = अभिन्न

प्रश्न 9) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ बताकर वाक्य में प्रयोग करें :-

1) दिल बल्लियों उछलना = बहुत खुश होना :- सर्कस में हाथी के करतब देखकर बच्चों का दिल बल्लियों उछलने लगा ।
2) दंग रह जाना = हैरान रह जाना :- मैट्रो स्टेशन की सुरक्षा-व्यवस्था देखकर बच्चे दंग रह गए ।
३) खुशी से झूम उठना = बहुत प्रसन्न होना :- मैट्रो रेल की यात्रा करके बच्चे खुशी से झूम उठे ।
4) मन बहलाना = मनोरंजन करना :- छात्र शाम के समय खेल-कूद कर अपना मन बहलाते हैं ।

प्रश्न 10 , नीचे लिखे शब्दों में अक्षरों को उचित क्रम में रखकर सार्थक शब्द बनायें :-

गालरेड़ी = रेलगाड़ी
पहाउर = उपहार
लीजबि = बिजली
परआध = अपराध
जापंब = पंजाब
कानिस = निकास
नुशाअसन = अनुशासन
मगसंररम = संगमरमर
टवसजा = सजावट
किललाला = लालकिला
लतारगा = लगातार
रीजाकान = जानकारी
लासफा = फासला
फालेप्टर्म = प्लेटफार्म
अरोधनु = अनुरोध
वानुकूतलिता = वातानुकूलित
भूतगमि = भूमिगत
अबाजू = अजूबा

प्रश्न 11) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों में कारक बताएं -

क) भास्कर रेलगाड़ी देखने के लिए प्लेटफार्म के किनारे पर जा पहुँचा। - संप्रदान कारक

ख) आज हम सभी मैट्रो रेल के द्वारा जायेंगे । - करण कारक

ग) प्रतिभा खिड़की वाली सीट पर बैठ गयी । - अधिकरण कारक

घ) सभी स्वचालित सीढ़ियों के द्वारा भूमिगत प्लेटफार्म पर पहुँच गये । - करण कारक

ड.) गुरुजी ने बच्चों को बड़े प्यार से समझाया । - कर्ता कारक

च ) हमने राष्ट्रीय खेलों में भाग लिया । - अधिकरण कारक